कोटद्वार, गुरूवार
1 मई 2025
वर्षः 47
अंकः 12 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### अल्मोड़ा की युवती को हल्द्वानी में कार ने रौंदा, मौत

हल्द्वानी। हल्द्वानी में मंगलवार देर रात रामपुर रोड पर हुए एक सड़क हादसे में अल्मोड़ा की रहने वाली युवती की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे में एक कार चालक भी घायल हुआ है, उसका अस्पताल में उपचार चल रह है। पुलिस के मुताबिक अल्मोड़ा के पनुवानौला की रहने वाली 24 वर्षीय गंगा गैड़ा के माता–पिता का कई साल पहले निधन हो गया था। वह वर्तमान में मामा के घर दिल्ली में रह रही थी। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही वह अपनी बीमार नानी को दिल्ली से अल्मोड़ा छोड़ने आई थी। इसके बाद मंगलवार को रोडवेज बस से वापस दिल्ली लौट रही थी। देर रात टीपी नगर चौकी क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित जायसवाल ढाबे के पास बस रुकी। तभी गंगा बस से उतरकर कोल्ड ड्रिंक्स लेने पास की दुकान की ओर जा रही थी। तभी रामपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार टैक्सी कार ने गंगा को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल गंगा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि हादसे में टैक्सी चालक भी घायल हुआ है। वह निजी अस्पताल में भर्ती है। मामले में अभी युवती के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### वनभूलपुरा में दो पक्षों में पथराव के बाद तनाव, 11 पर मुकदमा

हल्द्वानी। वनभूलपुरा में मंगलवार आधी रात दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों तरफ से दस मिनट तक पत्थरबाजी हुई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और पीएसी ने मोर्चा संभाला। माहौल खराब करने वाले दोनों पक्षों के 11 लोगों पर नामजद मुकदमा कर सात को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल घटनास्थल पर हालात सामान्य हैं। सीओ सिटी नितिन लोहनी के मुताबिक एक व्यक्ति ने देर रात फोन पर सूचना देकर बताया कि उसके मोहल्ले गांधीनगर में दो पक्षों में पथराव हो रहा है। वनभूलपुरा थाना पुलिस के साथ अफसर मौके पर पहुंचे। देखा कि दोनों पक्ष के करीब 10 से 12 लोगों में खूनी संघर्ष हो रहा है। पुलिस के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि एक पक्ष के कुछ लोग ऑटो में बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया तो विवाद शुरू हो गया। पहले गाली गलौज और मारपीट हुई, इसके बाद दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस घटना में सारिक नाम के एक व्यक्ति समेत दो लोग घायल हो गए। मौके पर तनाव की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर सिविल पुलिस के अलावा पीएसी की तैनाती कर दी गई।

### अक्षय तृतीया पर गंगा स्नान को उमड़ी भीड़

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में अक्षय तृतीया पर गंगा घाटों में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बुधवार तड़के से ही त्रिवेणी घाट, रामानंद घाट, नाव घाट, दत्तात्रेय घाट, साईं घाट, पीपल घाट, दयानंद घाट, शत्रुघ्न घाट, सीता घाट आदि जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

श्री दिगंबर जैन समाज ऋषिकेश ने अक्षय तृतीया पर हरिद्वार मार्ग पर श्रद्धालुओं को गन्ने का रस वितरित किया। कार्यक्रम में पहुंचे नगर निगम के मेयर शंभू पासवान ने कहा कि जैन समाज द्वारा किया गया यह कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने अक्षय तृतीय पर प्रारंभ होने वाली चारों धाम की यात्रा के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।


### युवक ने नौ साल की मासूम भतीजी से किया दुष्कर्म

रुड़की। लंढौरा कस्बे के एक युवक ने अपनी नौ साल की भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने जंगल में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने मासूम बच्ची को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी मासूम बच्ची को उसके घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मासूम बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

●प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से दोनों धामों में की गई पहली पूजा●दोनों धामों में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना●उत्तराखण्ड के चार धाम देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र : धामी





**जयन्त प्रतिनिधि।**

उत्तरकाशी : गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा 2025 का भी शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।


धार्मिक परंपराओं के अनुसार बुधवार सुबह मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किये तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोहों में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने मां गंगा एवं यमुना के मंदिरों में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की। श्री धामी ने दोनों धामों में पहुंची लोक देवताओं की डोलियों से भी आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। उत्तराखण्ड के चार धाम देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं और इन धामों की यात्रा का सौभाग्य प्राप्त करने की आकांक्षा हर श्रद्धालु के मन में रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए राज्य में व्यापक प्रबंध किये गये हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगमता को ध्यान में रखते सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालु को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिथि देवो भवः की परंपरा के अनुसार हमारा प्रयास है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड से दिव्य धामों के शुभाशीष के साथ ही यात्रा का सुखद अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के आयोजन के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील भी की। गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर विधायक सुरेश चौहान, गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नागेंद्र चौहान, श्री किशोर भट्ट, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल आदि मौजूद थे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, सचिव सुनील उनियाल भी मौजूद थे।

### गौरीकुंड में किया बाबा केदार की डोली का पुष्प वर्षा से स्वागत

रुद्रप्रयाग : भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली बम–बम भोले और जय बाबा केदार के जयघोषों के साथ बुधवार सांय गौरीकुंड पहुंच गई। यहां पहले से ही बड़ी संख्या में मौजूद भक्तों ने बाबा केदार की डोली का भव्य स्वागत किया। चारों ओर से पुष्प वर्षा की गई। गौरीकुंड में माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। बुधवार को फाटा से सुबह पूजा अर्चना के बाद डोली ने गौरीकुंड के लिए प्रस्थान किया। सेना की 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों और भक्तों के जयकारों के बीच डोली आगे बढ़ी। अनेक स्थानों पर भक्तों ने बाबा केदार की पंचमुखी डोली के दर्शन कर पुण्य अर्जित किए। हर कोई हाथ में फूलों की माला लेकर बाबा की डोली का स्वागत करते दिखे। गौरीकुंड में पहुंचते ही डोली का बाजार में व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद डोली गौरीमाई मंदिर परिसर में पहुंची। जहां पूजा अर्चना के बाद विश्राम किया गया। गुरुवार 1 मई को बाबा केदार की डोली गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंचेगी, जहां 2 मई को सुबह 7 बजे भगवान केदारनाथ धाम के कपाट देश–विदेश के तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इस मौके पर मुख्य पुजारी बागेश लिंग, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, विष्णुकांत कुर्माचली, रमेश चन्द्र जमलोकी, राकेश गोस्वामी, दीघायु गोस्वामी, मायाराम गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। (एजेंसी)

### नई मुसीबत में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन

# 2000 करोड़ के घोटाले में एसीबी ने दर्ज की एफआईआर





नई दिल्ली ,कथित शराब नीति घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लंबे समय तक जेल में रहने के बाद जमानत पर चल रहे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आम आदमी पार्टी के इन दोनों वरिष्ठ नेताओं पर अब सरकारी स्कूलों में नए क्लासरूम के निर्माण से जुड़े कथित घोटाले को लेकर नया केस दर्ज किया गया है। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इस मामले में 2000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है और तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एसीबी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान कुल 12,748 कक्षाओं और भवनों के निर्माण में लगभग 2,000 करोड़ रुपये का एक बड़ा घोटाला सामने आया है। एसीबी का आरोप है कि 75 साल तक चलने वाली आरसीसी कक्षाओं के निर्माण के समान लागत पर केवल 30 साल की अनुमानित उम्र वाली अर्ध–स्थायी संरचना वाली कक्षाओं का निर्माण किया गया। एसीबी का दावा है कि स्क्स् निर्माण अपनाने से स्पष्ट रूप से कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ, बल्कि लागत अनावश्यक रूप से बढ़ाई गई। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अनुसार, परियोजना को कथित तौर पर आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ खास ठेकेदारों को दिया गया था। परियोजना के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण विचलन और लागत में अत्यधिक वृद्धि देखी गई, जबकि निर्धारित समय अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हो सका।

### मां यमुना और शनिदेव के जयकारों से गूंजी यमुना घाटी

उत्तरकाशी। खुशीमठ (खरसाली गांव) में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ मां यमुना को भावभीनी विदाई दी। विदाई के इस अवसर पर पूरी यमुना घाटी मां यमुना और शनिदेव के जयकारों से गुंजायमान रही। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बुधवार को सुबह 8 :38 बजे विधिवत पूजा–अर्चना के बाद यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली से मां यमुना की डोली यमुनोत्री धाम के लिए रवाना रवाना हुई। यमुना की विदाई के इस मौके पर स्थानीय लोगों के साथ–साथ देश–विदेश से आये सैकडों श्रद्धालु इन ऐतिहासिक क्षणों के गवाह बने। खरसाली गांव से यमुना के भाई शनि देव की अगुवाई में वाद्य यंत्रो के साथ हुई यमुना की विदाई से जहां गांववासियों की आंखें नम थी, वहीं यमुना को उनके मूल स्थान तक पहुंचाने में भागीदारी निभाने का उत्साह भी ग्रामीणों में भरपूर था। तड़के सुबह से ही गांव के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं एवं पुरुष मां यमुना की विदाई की तैयारियों में नहा धोकर जुट गए थे। खुशीमठ में तीर्थ पुरोहितों द्वारा यमुना और शनिदेव की पौराणिक परंपरा अनुसार विधिवत पूजा–अर्चना की गई। पूजा अर्चना के दौरान ग्रामीणों द्वारा मां यमुना को भेंट चढ़ाई गई। पुरोहितों द्वारा यमुना और शनि देवता की डोली को विशेष रूप से सजाया गया, जिसके बाद यमुना की विदाई की रस्म शुरू हुई। साथ ही स्थानीय वाद्य यंत्रों के थाप पर आराध्य देव शनि महाराज की डोली का नृत्य हुआ। जिसमें गांव सहित क्षेत्र के लोगों ने लोक नृत्य में भागीदारी की तथा जमकर जश्न भी मनाया।

# चलती रोडवेज बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, यात्रियों में मदद को मची चीख—पुकार




रुद्रपुर। उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले में रुद्रपुर के पास रोडवेज बस का हादसा हुआ है। यात्रियों से भरी बस के ड्राइवर को बस चलाते हुए अचानक हार्ट अटैक आ गया, जिसके बाद बस बेकाबू होकर खेत में घुस गई। बस में सवार 28 यात्रियों के बीच मदद को चीख पुकार मच गई। इसी के बीच बस में ही सवार एक नर्स ने ड्राइवर को सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। हालांकि, राहत की बात रही कि बस हादसे में किसी की भी जान नहीं गई। बस ड्राइवर को अचानक दिल का दौरा पड़ने से रोडवेज की बस नेशनल हाईवे 74 पर खेत के किनारे खेती में घुस गयी। इससे बस में सवार यात्रियों में चीख–पुकार मच गयी। गनीमत रही कि बस में सवार 28 यात्रियों में कोई हादसे में गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। वहीं बस में सवार एक निजी अस्पताल की नर्स ने चालक को कॉडियोपल्मोनरी रिससिटेशन यानी सीपीआर देकर उसकी आपात हालत में जान बचाई। वहीं इसके बाद मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, रुद्रपुर डिपो की बस संख्या यूके 08 पीए 2369 बुधवार सुबह हरिद्वार से रुद्रपुर आ रही थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही बस एनएच 74 पर जाफरपुर में कंटोपा के पास पहुंची तो बस चालक गुरुविंदर सिंह को अचानक हार्ट अटैक आ गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत की खंती में जा घुसी। वहीं हादसा होता देख आसपास के लोग एकत्र हुए और बस चालक को बाहर निकाला। जबकि सवारियों को आपातकालीन द्वार खोलकर बाहर निकाला गया। हालांकि, राहत की बात रही कि बस हादसे में किसी भी यात्री की जान नहीं गई।

**नर्स ने बचाई बस ड्राइवर की जान**

बस में सवार नर्स दिव्या कंबोज तुरंत समझ गयी कि चालक को हार्ट अटैक आया है। इस पर उन्होंने तत्काल चालक को सीपीआर दिया और आपात स्थिति में उसकी जान बचाई।

# डिफेंस प्रोडक्शन हब बनेगा उत्तराखंड : धामी

●राज्य को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने को लेकर सरकार गंभीर



**जयन्त प्रतिनिधि।** देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड को डिफेंस प्रोडक्शन हब के रूप में स्थापित करने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार युवाओं में टेक्नॉलजी के प्रति रूझान पैदा करने का प्रयास करने के साथ ही युवाओं को इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर उत्तर-खण्ड को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आयोजित ''सूर्या ड्रोन टेक 2025'' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान सीएम ने ड्रोन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.डी.एम.) के सहयोग से आयोजित यह दो दिवसीय प्रदर्शनी देश में विकसित अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रही है, जो बहुआयामी सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और ''आत्मनिर्भर भारत'' अभियान से प्रेरित हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में ड्रोन तकनीक आपदा राहत कार्यों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इसलिए हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे युवा न केवल ड्रोन विशेषज्ञ बनें, बल्कि नागरिक उपयोग के लिए भी टेक्नोलॉजी आधारित समाधान विकसित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नई औद्योगिक नीतियों में रक्षा उत्पादन और टेक इनोवेशन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सूर्या ड्रोन टेक 2025 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का समागम है। इस प्रकार के आयोजन न केवल आधुनिक तकनीकी उपलब्धियों के प्रदर्शन हेतु विशिष्ट मंच प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे नौजवानों को ड्रोन और तकनीकी के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह उत्तराखंड को ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक ठोस कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन तकनीक में विविधता भारत की आत्मनिर्भर तकनीकी क्षमताओं का जीवंत प्रमाण है। यह देखकर गर्व होता है कि भारत अब न केवल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि तकनीकी इनोवेशन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ड्रोन तकनीक आज सुरक्षा से लेकर शिक्षा, आपदा प्रबंधन, कृषि तथा प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन, पूर्व रॉ चीफ बने चेयरमैन

नई दिल्ली ,केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया है। पूर्व पश्चिमी वायु सेना कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस बोर्ड में शामिल किया गया है। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य है।?बी वेंकटेश वर्मा सात सदस्यीय बोर्ड में सेवानिवृत्त आईएफएस हैं। जोशी ने 2012 से 2014 तक रॉ के प्रमुख के रूप में काम किया था। खुफिया क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता को खूब सराहा जाता है।?उनकी अगुवाई में बोर्ड का मुख्य काम सरकार को सलाह देना है।। इसके साथ यह बोर्ड आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और सीमा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी राय दे सकता है।

# भारत के मुंहतोड़ जवाब से डरी पाकिस्तानी फौज

### पोस्ट छोड़कर भागे, झंडे भी हटाए

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर इस समय स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। पाकिस्तान की ओर से लगातार हो रहे सीजफायर उल्लंघन का भारतीय सेना पूरी ताकत से मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिससे पाकिस्तानी फौज में भारी खौफ देखा जा रहा है।

भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की तीव्रता का आलम यह है कि सामने आई जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी सैनिक अपनी अग्रिम चौकियों को छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। बताया जा रहा है कि भारतीय कार्रवाई से घबराए पाकिस्तानी फौजियों ने न सिर्फ अपनी पोस्टें खाली कर दी हैं, बल्कि उन्होंने अपनी चौकियों से पाकिस्तानी झंडे तक हटा लिए हैं। रुशष्ट के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भी पाकिस्तानी रेंजर्स ने अपनी पोस्टों से झंडे उतार लिए हैं। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, यह स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तानी पक्ष भारतीय सेना के आक्रमक रुख और कार्रवाई से बुरी तरह डरा हुआ है। नियंत्रण रेखा पर कई सेक्टरों में इस समय भीषण गोलीबारी जारी है। जानकारी के अनुसार, रुशष्ट पर लगभग 20 अग्रिम चौकियों पर पाकिस्तान की तरफ से जबरदस्त फायरिंग की जा रही है। भारतीय सेना इसका करारा जवाब दे रही है। नौशेरा, सुंदरबनी, अखनूर, बारामूला और कुपवाड़ा जैसे रुशष्ट से सटे संवेदनशील सेक्टरों में दोनों ओर से रुक–रुक कर गोलीबारी जारी है। पाकिस्तानी सेना लगातार भारतीय चौकियों और नागरिक इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन भारतीय सेना उन्हें प्रभावी ढंग से जवाब दे रही है।

# मोदी सरकार का बड़ा ऐलान: पूरे देश में होगी जाति जनगणना

### कैबिनेट बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले



नई दिल्ली , बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया।रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा, कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गयी। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर केबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमण्डल समूह का भी गठन किया गया था जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है।

इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यो में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव मे न आये, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी। वैष्णव ने कहा, आज दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितंबर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठायी गयी जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

**मेघालय से असम तक हाईवे**

केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए, वैष्णव ने कहा,केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22,864 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शिलांग से सिलचर तक एक हाई–स्पीड कॉरिडोर राजमार्ग को मंजूरी दी है. इसके अलावा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति से कटपडी तक 104 किमी की सिंगल रेलवे लाइन को डबल लाइन में बदला जाएगा।

# सम्पादकीय

## बड़े परिणाम पर निगाहें

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाक के बीच चल रहा तनाव और चरम पर पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास में उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ली गई, हालांकि बैठक का एजेंडा क्या था यह स्पष्ट नहीं है लेकिन इतना तय है कि आतंकी घटनाओं और पड़ोसी देश की हरकतों के बाद केंद्र सरकार इस बार कोई कड़ा कदम उठा सकती है। वहीं कल ही प्रधानमंत्री द्वारा सेना को फैसले लेने की स्वतंत्रता भी दी गई थी इसके बाद भारत–पाक सीमा पर फौजी हलचल है भी दिखाई देने लगी है। इस सब के विपरीत पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार से सीज फायर का उल्लंघन किया जा रहा है जो बैठे बैठे भारत को उकसाने का प्रयास लग रहा है। पहलगाम में 22 अप्रैल को निहत्थे पर्यटकों पर पाक समर्थित हथियारबंद आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था और बाद में बेहद करीब से उनका नाम और धर्म पूछ कर गोलियां मारी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया तो वहीं आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ पूरे देश में विरोध की ज्वाला जल उठी। सरकार भी यह समझ चुकी थी कि देश की आवाज को दबाना संभव नहीं होगा पर यदि इस बार कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आतंक विरोधी नीति की बात करने वाली सरकार पर देश की जनता विश्वास नहीं करेगी। पहलगाम की घटना के बाद से ही केंद्र में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर जारी है लेकिन एक अच्छी बात यह भी है कि आवेश में अगर भारत की ओर से अभी तक कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया है ही युद्ध की ओर दोनों देशों को ले जाता हो। हालांकि कूटनीतिक तरीके से भारत ने पाकिस्तान के साथ किया गया सिंधु जल समझौता निरस्त करने का ऐलान किया है जिससे पाकिस्तान को आने वाले कुछ समय में बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। पाकिस्तान की अधिकांश खेती पंजाब और सिंध क्षेत्र पर निर्भर है और सिंधु जल समझौते का अधिकांश लाभ इन्हीं दो क्षेत्रों को मिलता है। यदि इन क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था ही ठप्प हो गई तो पहले से ही भुखमरी और आर्थिक तंगी की परेशानी से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए एक बड़ा संकट पैदा हो सकता है। इधर पाकिस्तान अपने दब्बूपन को दबाने के लिए फिर वही न्यूक्लियर बम का हवाला दे रहा है। यह कोई पहली बार नहीं है जब भारत के साथ बढ़ते तनाव के बाद पाकिस्तान न्यूक्लियर बम की बात ना कर रहा हो। यह अलग बात है कि पाकिस्तान से कहीं अधिक सैनिक एवं परमाणु क्षमता होने के बावजूद भी भारत कभी भी न्यूक्लियर बम की बात नहीं करता और यही परिपक्वता दोनों देशों की सोच में अंतर स्पष्ट करती है। भारत की ओर से यह स्पष्ट किया जा चुका है कि देश अपने नागरिकों पर किसी भी प्रकार के आतंकी हमले को अब आगे और बर्दाश्त नहीं करेगा। पहलगाम घटना का जवाब उसी भाषा में दिया जाएगा जो भाषा ऐसे षड्यंत्र को रचने वाले षड्यंत्रकारी समझते हैं। देश को इंतजार है केंद्र सरकार के उस बड़े फैसले का जो पहलगाम में मारे गए भारतीय नागरिकों को पूरे भारतवर्ष की ओर से श्रद्धांजलि के तौर पर सामने आएगा।

# ग्रामीण आवास क्रांति का नया इतिहास

**नसीम अहमद खान**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में इन दोनों ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार एक अभिनव अभियान मोर दुवार– साय सरकार के माध्यम से गरीब ,वंचित और आवासहीन परिवारों के यहां दस्तक देकर उन्हें सम्मान के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर का अधिकार देने में जुटी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों जगदलपुर प्रवास के दौरान घाटपदमपुर ग्राम से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस बात को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के दूसरे दिन ही कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर स्पष्ट कर दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास देने के अपने संकल्प को पूरा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में चल रही ग्रामीण आवास क्रांति का ही यह परिणाम है कि अब गांवों में विशेषकर पिछड़े और गरीब तबके की बस्तियों में मिट्टी के जीर्णशीर्ण घरों और बांस– बल्ली के सहारे टिकी घास–फूंस की झोपड़ी की जगह अब साफ–सुथरे पक्के मकान बने हुए अथवा बनते दिखाई देने लगे हैं। राज्य के मैदानी इलाकों से लेकर सुदूर वनांचल का कोई ऐसा गांव अथवा मजरा– टोला नहीं, जहां 8–10 पक्के घर, प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए हाल–फिलहाल में न बने हों। यह योजना न केवल लाखों गरीब परिवारों को छत दे रही है, बल्कि रोजगार, व्यापार और उद्योगों को भी गति प्रदान कर रही है।

> बीते दिनों जगदलपुर प्रवास के दौरान घाटपदमपुर ग्राम से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस बात को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के दूसरे दिन ही कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर स्पष्ट कर दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास देने के अपने संकल्प को पूरा कर रही है।

इससे सीमेंट, ईट, सरिया और निर्माण सामग्री से जुड़े व्यवसाय में तेजी आयी है। यह जनकल्याण और आर्थिक विकास का एक संतुलित मॉडल है।

छत्तीसगढ़ राज्य को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए कुल 11,50,315 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 9,41,595 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास दौरान राज्य को अतिरिक्त 3 लाख आवासों की स्वीकृति देने से यह प्रयास और भी व्यापक हो गया है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी ग्रामीण आवासीय पहल है।

राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग के पात्र परिवारों के साथ–साथ बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध करा रही है। महासमुंद जिले के धनसुली गांव की कमार बस्ती में 15 से अधिक कमार परिवारों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इससे इन जनजातीय परिवारों के जीवन में स्थायित्व आया है और वे शासन की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार का मोर दुवार– साय सरकार अभियान 30 अप्रैल तक तीन चरणों में संचालित है, जिसमें पात्र हितग्राहियों का घर–घर जाकर सर्वेक्षण करना और ग्राम सभाओं के माध्यम से सूची का वाचन और शत–प्रतिशत पात्र परिवारों का कवरेज सुनिश्चित करने के साथ ही सर्वेक्षण पूर्ण करने वाले कर्मियों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा गांव में जाकर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ करना और हितग्राहियों से उनके बारे में जानकारी लेना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और संकल्पित है।

इस अभियान को जन अभियान का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, जनसेवियों और स्थानीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर के रूप में नामित व्यक्तियों द्वारा भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। गृह पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता एवं जानकारी की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अतिरिक्त, राज्य में जरूरत मंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 47,090 आवासों के निर्माण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 38,632 आवास स्वीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार की विशष पहल पर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ितों परिवारों के लिए 15,000 विशेष आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण कराया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के लिए 42,326 आवास के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक 27,778 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 6,482 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। नियद–नेल्ला–नार योजना के अंतर्गत अब तक 477 आवास पूर्ण कराए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बिलासपुर से 3 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराना इस योजना की सफलता है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 18 लाख पात्र हितग्राहियों को आवास से वंचित रखा गया। छत्तीसगढ़ सरकार अब हर हितग्राही को उसका अधिकार दिलाने की दिशा में काम कर रही है।

मोर दुवार– साय सरकार महाअभियान शासन की संवेदनशीलता, नीति की पारदर्शिता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान केवल योजना की सफलता नहीं, बल्कि एक मजबूत, सशक्त और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नाजुक मोड़ पर आंदोलन

बेशक पुलिस ने अनुपात से अधिक और अनुचित बल–प्रयोग किया गया है। इससे किसानों में गुस्सा फैला है। मगर कुछ उग्रता नए गुट की रणनीति का भी हिस्सा है, जो संभवतः एसकेएम को अप्रभावी दिखाकर कृषक मुद्दों पर अपना नेतृत्व कायम करना चाहता है।पंजाब–हरियाणा से लगे खनौरी बॉर्डर पर पुलिस कार्रवाई में एक नौजवान किसान की मौत ने किसान आंदोलन के मौजूदा दौर को नाजुक मोड़ पर पहुंचा दिया है। यहां यह याद करने योग्य है कि 2020 में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ खड़ा हुए और 13 महीनों तक चले बहुचर्चित किसान आंदोलन के समय पुलिस कार्रवाई से कोई मौत नहीं हुई थी। तब आंदोलन चला रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व को इसका श्रेय दिया गया था कि उसने संयम और स्पष्ट रणनीति के साथ अपने अभियान का संचालन किया और आखिरकार जीत हासिल की। अब यही बात इस मोर्चे से अलग हुए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) के नेतृत्व के लिए नहीं कही जा सकती। बेशक पुलिस की तरफ से भी अनुपात से अधिक और अनुचित बल–प्रयोग किया गया है। इससे भी ह्यदिल्ली चलोह्व अभियान में शामिल किसानों में गुस्सा फैला है। मगर कुछ उग्रता नए गुट की रणनीति का भी हिस्सा है, जो संभवतः एसकेएम को अप्रभावी दिखाकर कृषक मुद्दों पर अपना नेतृत्व स्थापित करना चाहता है। इस गुट ने किसानों की मांगों को तुरंत मनवा लेने की रणनीति अपनाई है।मगर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी करने वाले कानून और इस जैसी अन्य मांगों का देश की मौजूदा आर्थिकी से सीधा और तीखा अंतर्विरोध है। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि इन मांगों को मानने के लिए सरकार को तुरंत मजबूर कर देने की रणनीति में टकराव की गुंजाइश शामिल है। ऐसे में आंदोलन के नेतृत्व से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह आंदोलन के तौर–तरीकों का स्पष्ट खाका लेकर चले और आंदोलन में शामिल लोगों पर नियंत्रण बनाए रखे। बुधवार को खनौरी बॉर्डर पर की घटना के बाद आंदोलन नेतृत्व ने ह्यदिल्ली चलोह्व अभियान को दो दिन रोकने का उचित फैसला किया। इस बीच सरकार से पांचवें दौर की वार्ता का भी प्रस्ताव आया है। सरकार के पास पिछली वार्ता से आगे अब किसानों के लिए क्या पेशकश है, यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा। ऐसे में अपेक्षित है कि आंदोलन नेतृत्व वार्ता में शामिल हो। उसके बाद की रणनीति वह तमाम परिस्थितियों पर समग्र विचार करने के बाद ही तैयार करे।

## सिरे से अस्वीकार्य

विरोध जताने के क्रम में पुलिसकर्मी की धार्मिक पहचान पर हमला किया जाए और वह भी इस तरह कि इस पहचान के आधार पर उसे देश–द्रोही बताने की कोशिश की जाए, तो इसे विभाजक और बीमार सोच का प्रतिबिंब ही कहा जाएगा।पश्चिम बंगाल के संदेशखली में हुई घटना मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली है। ऐसी घटना के स्थल पर विपक्ष के नेता जाएं, यह लोकतंत्र की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। वहां विपक्षी कार्यकर्ता विरोध जताने के लिए इक्ठे हों, यह भी अपेक्षित ही है। अगर पुलिस अपनी सीमाएं लांघती है, तो उस पर कानून और संविधान के दायरे में रहते हुए विरोध जताने का हक भी सबको है। लेकिन विरोध जताने के क्रम में पुलिसकर्मी की धार्मिक पहचान पर हमला किया जाए और वह भी इस तरह कि इस पहचान के आधार पर उसे देश–द्रोही बताने की कोशिश की जाए, तो इसे विभाजक और बीमार सोच का प्रतिबिंब ही कहा जाएगा। बेशक संदेशखली कांड के सिलसिले में मंगलवार को हुई एक घटना को इसी श्रेणी में रखा जाएगा। वहां एक आईपीएस अधिकारी को विपक्ष के नेता ने खालिस्तानी कह दिया। सिर्फ इस कारण कि अधिकारी सिख हैं और अपने धर्म की मान्यताओं का पालन करते हुए पगड़ी पहनते हैं। इस टिप्पणी पर अधिकारी आहत हुए और सार्वजनिक रूप से अपना आक्रोश जताया, तो उसे एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया माना जाएगा।यह घटना ये बताती है कि भारत में हर मसले और घटना को धार्मिक रंग देने की सियासत किस खतरनाक हद तक पहुंच गई है। इसने लोगों की सोच को इतना जहरीला बना दिया है कि खुद से अलग मान्यता और पहचान वाले व्यक्ति या समुदाय लोगों को वे सहज ही राष्ट्र और समाज–द्रोही कह डालते हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी सियासी होड़ है। मगर इस होड़ में नेता इस तरह अपना विवेक खो दें कि सरकारी आदेश का पालन कर रहे और अपना दायित्व निभा रहे अधिकारी की राष्ट्र निष्ठा पर वे प्रश्न खड़े दें, यह सिरे से अस्वीकार्य है। यह संतोषजनक है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने सार्वजनिक बयान जारी कर इस टिप्पणी की निंदा की है और उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का एलान किया है। उसकी इस राय से सहज ही सहमत हुआ जा सकता है कि यह टिप्पणी दुर्भावनापूर्ण, नस्लवादी, सांप्रदायिक उत्तेजना फैलाने वाली और एक सांप्रदायिक हरकत है।

## अनफिट वाहनों का बिना जांच के फिटनेस प्रमाण पत्र सिस्टम पर सवालिया निशान

**रमेश शर्मा**

सड़क हादसों के बाद जब भी इसके कारणों की पड़ताल होती है तो एक बड़ी वजह खटारा वाहनों के रूप में भी सामने आती है। लेकिन जब कोई खटारा वाहनों को ही फिट बताकर चलते–फिलते यमदूत के रूप में सडकों पर छोड़ दे तो इसे क्या कहेंगे? यही ना कि इससे बड़ा आपराधिक कृत्य कोई दूसरा नहीं हो सकता। ऐसे ही आपराधिक कृत्य का खुलासा बताता है कि लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बने वाहनों को फिट होने का सर्टिफिकेट देने वालों को जैसे खून मुंह लग गया है। फर्जी फिटनेस प्रमाण पत्रों से सडकों पर धड़ल्ले से दौड़ते वाहन भ्रष्टाचार की खुली कहानी भी कहते हैं। जिस तरह से अनफिट वाहनों को भी बिना जांच के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, उससे समूचे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़े होना स्वाभाविक है।

# क्या भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बम्ब इस्तेमाल करेगा

**अजय दीक्षित**

एशियन स्टडी फॉर वॉटर मैनेजमेंट की प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बार खड़ा कर सकता है।यह रिपोर्ट इस समय प्रकाशित हुई है जब भारत ने इंडस वैली ट्रीटी रद्द करने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 22 अप्रैल की आतंकी घटना के बाद भीषण विवाद हो गया है।इस हादसे में 25 निर्दोष पर्यटक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लश्कर ए तैयबा के टीआरएफ नामक संगठन ने जिम्मेदारी ली है। भारत ने सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं जिनमें एक इंडस वैली ट्रीटी को रद्द कर दिया है।यह संधि 1960, में विश्व बैंक के अनुरोध पर पाकिस्तान को रावी व्यास सतलुज, चिनाव झेलम सिंध नदियों का जल उपलब्ध कराने के लिए की गई थी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारत सरकार ने केंद्रीय जल आयोग के इंजीनियरों को तुरंत सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है कि अगर सिंधु जल को पाकिस्तान जाने से रोकना हो तो किस प्रकार के निर्माण की जरूरत होगी।

क्योंकि इन नदियों पर हाइड्रल पावर स्टेशन तो हैं लेकिन जल भराव क्षमता कितनी है और उसे अपग्रेड करने के लिए कौन कौन सी जगह बांध बनाने पड़ेंगे। केंदीय वाटर रिसोर्स मंत्रालय,को भी सक्रिय किया गया है।


सेंटर फॉर इंडियन ओसियन वाटर मैनेजमेंट पुणे के डायरेक्टर डॉ भूले को दिल्ली तलब किया गया है।कुल मिलाकर मोदी सरकार ने पाकिस्तान को वाटर बॉम्ब के जरिए सबक सिखाने की ठान ली है। जानकारी के अनुसार

पानी को रोकना या एक दम छोड़ देना भी एक तरह का हथियार है। रावी व्यास सतलुज नदियों में पानी का प्रवाह काफी तेज होता है क्योंकि ये नदियां काफी ऊंचाई से गिरती हैं। पाकिस्तान में पिछले 70 वर्षों में कैनाल सिस्टम बना है तो इनका पानी नहरों में बह कर सिंचाई परियोजना के काम आता है।

ब्रिटिश ने भी आजादी से पहले कुछ नहरें लाहौर, पेशावर, कराची में बनाई थी बाद में इनका विस्तार भी हुआ है। लेकिन अगर भारत की ओर से पानी अचानक छोड़ा गया तो पाकिस्तान में तबाही तय है।इसी लिए आज पाकिस्तान के हुक्मरान ने कहा है कि भारत पानी से लड़ेगा तो युद्ध माना जाएगा। पाकिस्तान ने आज सिंधु जल समझौता आयोग में आपत्ति दर्ज कराई है कि भारत इंडस वैली ट्रीटी के तहत हाइड्रल डेटा शेयर नहीं कर रहा है।

द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ ने वाटर बॉम्ब का इस्तेमाल हंगरी पोलैंड चेकोस्लोवाकिया के खिलाफ किया था। अभी हाल ही में यूक्रेन ने रूस एक बांध तोड़ कर पूर्वी रूस में तबाही मचाई थी। लेकिन पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो भारत के वाटर बॉम्ब को झेलना तो दूर बाढ़ को भी नहीं रोक पाएगा। लेकिन विशेषज्ञ का मत है कि हाल फिल हाल भारत को तैयारी के लिए साल भर तक लग सकता है क्योंकि पानी रोकने के लिए संचालित संरचना कायम करना पड़ेगी।

# केसरी वीर से सुनील शेट्टी की नई झलक आई सामने



बॉलीवुड के दमदार अभिनेता सुनील शेट्टी एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपने एक्शन अवतार में लौट रहे हैं, लेकिन इस बार एक ऐतिहासिक योद्धा के रूप में। उनकी आने वाली फिल्म 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथझ् न केवल एक भव्य पीरियड ड्रामा है, बल्कि भारतीय इतिहास के गौरवशाली और वीरतापूर्ण अध्याय को जीवंत करने की कोशिश भी है। फिल्म में सुनील शेट्टी एक निडर योद्धा 'वेगड़ा जीझ् की भूमिका निभा रहे हैं, जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए आखिरी सांस तक लड़ता है। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है–हाथ में खून से लथपथ कुल्हाड़ी, चेहरे पर युद्ध की आग और पीछे मैदान में गूंजता युद्ध का माहौल, जिसमें सोमनाथ मंदिर की गरिमा दमक रही है। इस फिल्म की खास बात है इसकी बेहतरीन स्टारकास्ट। जहां सूरज पंचोली एक युवा राजपूत राजकुमार वीर हमीरजी गोहिल के रूप में उभरते नायक के रोल में दिखाई देंगे, वहीं विवेक ओबेरॉय शक्तिशाली खलनायक 'ज़फ़र् की भूमिका में रोमांच पैदा करेंगे।

## बॉक्स ऑफिस पर ग्राउंड जीरो की कमाई में बढ़ोतरी, तीसरे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

काफी समय से इमरान हाशमी फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को समीक्षकों के साथ–साथ दर्शकों की तरफ से हरी झंडी मिली। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह दर्शकों के लिए तरसती दिख रही है। पहले दिन से ही फिल्म का टिकट खिडक़ी पर हाल–बेहाल है, लेकिन वीकेंड पर ग्राउंड जीरो की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली। आइए जानें तीसरे दिन फिल्म का क्या हाल रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ भारत में फिल्म का कुल कारोबार 5.20 करोड़ रुपये हो गया है। ग्राउंड जीरो ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। फिल्म का अनुमानित बजट 200 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ग्राउंड जीरो के निर्देशन की कमान तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने संभाली है।

# दुष्मंथा चमीरा बने सुपरमैन, हवा में उड़ते हुए पकड़ा हैरतअंगेज कैच



नई दिल्ली, आईपीएल 2025 का 48 वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा जो दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे हैं, उन्होंने सभी को हैरान कर दिया. चमीरा ने मैदान पर मौजूद सभी दर्शकों को दंग कर दिया.

दरअसल, दुष्मंथा चमीरा ने दिल्ली और कोलकाता के बीच खेले जा रहे मैच में एक हैरतअंगेज कैच पकड़ा जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया. फैंस कमेंट कर इसे कैच ऑफ द टूर्नामेंट बता रहे हैं. चमीरा के इस कैच को जिसने भी देखा वो पूरी तरह से हैरान रह गया. बता दें कि, मिचेल स्टार्क कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी का अंतिम ओवर डालने के लिए आए. उन्होंने इस ओवर की चौथी गेंद अनुकूल रॉय को यॉर्कर लेंथ डालने की कोशिश की लेकिन गेंद सही लाइन और लेंथ पर नहीं गिरी. इस गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाज रॉय ने फ्लिक कर दिया. बॉल लगभग बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचने ही वाली थी कि दुष्मांता चमीरा ने हवा में उड़ते हुए एक हाथ से शानदार कैच पकड़ लिया. इस कैच को लेने के बाद उन्हें खुद यकीन नहीं हुआ की उन्होंने कैच पकड़ लिया है. जब स्टार्क को पता चला की चमीरा ने सफलतापूर्वक कैच को पकड़ लिया है तो उन्होंने विकेट लेने का जश्न मनाया. इस शानदार कैच के साथ ही अनुकूल रॉय शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स की टीम जीत के लिए मिले 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक 11 ओवर में 3 विकेट खोकर 110 रन बना चुकी है.

# अजय देवगन की रेड 2 को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी, हटाए गए 2 संवाद

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की रिलीज को अब सिर्फ चंद दिन बाकी हैं। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

फिल्म का ट्रेलर और कुछ गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं। अजय इन दिनों जोर–शोर से फिल्म का प्रचार कर रहे हैं।



ताजा खबर यह है कि को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से यू/ए 7+ सर्टिफिकेट मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, रेड 2 को सेंसर बोर्ड से यू/ए 7+ मिला है। यह सर्टिफिकेट मिलने का मतलब यह है कि इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं और 7 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ फिल्म देखनी होगी। रेड 2 2 घंटे, 30 मिनट और 53 मिनट लंबी होगी। इसके साथ सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कुछ बदलाव के लिए कहा है। यू/ए सर्टिफिकेट मिलने के साथ रेड 2 पर सेंसर बोर्ड की कैंची भी चली है।

# 'हमारी सरकार प्लान कर रही', पहलगाम हमले पर बोले शिखर धवन



नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में कुछ दिनों पहले हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस कायराना हरकत से पूरे देश में गुस्सा है। भारतीय क्रिकेटर भी इस घटना की कड़ी निंदा कर चुके हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने भी इस हमले पर खुलकर बात की। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप की जर्सी लॉन्च के दौरान धवन ने इस हमले पर दुख जताया। धवन ने पहलगाम हमले को लेकर कहा, "बहुत दुख लगा। मुझे पूरा भरोसा है कि इस हमले से हर भारतीय दुखी है। मेरे पास शब्द नहीं है अपने दुख को बयां करने के लिए, मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी सराकर पूरा एक्शन प्लान कर रही होगी। मेरी प्रार्थनाएं पीड़ितों के परिवार के साथ हैं। इस बार दिल को बहुत ठेस पहुंची है।" इससे पहले धवन ने पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी को मुंहतोड जवाब दिया था। घवन ने एक्स पर लिखा था, "करगिल में भी हराया था, पहले से ही इतना गिरे हुए हो और कितना गिरोगे। बेवजह कमेंट पास करने से अच्छा है कि अपने देश की तरक्की पर ध्यान दो। शाहिद अफरीदी हमें अपनी इंडियन आर्मी पर बहुत गर्व है। भारत माता की जय। जय हिंद।" दरअसल शाहिद अफरीदी ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए भारतीय सेना को जिम्मेदार ठहराया था। इतना ही नहीं उन्होंने हमले में पाकिस्तान के होने का सबूत भी मांगे थे। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कहा था, "भारत में पटाखा फटता है तो पाकिस्तान जिम्मेदार। उनकी 8 लाख की फौज है कश्मीर में और ये हो गया। इसका मतलब नालायक हो, निकम्मे हो ना तुम, लोगों की सुरक्षा दे नहीं सके।"

## एक नजर

### रतूड़ी और बिष्ट को मिलेगा हिमालय प्रहरी सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : सेव हिमालय मूवमेंट व पर्वतीय नवजीवन मंडल आश्रम के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम देहरादून के टाउन हॉल में 21 मई को पद्म विभूषण सुंदरलाल बहुगुणा के चतुर्थ पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। सेव हिमालय मूवमेंट के अध्यक्ष समीर रतूड़ी व सचिव डॉ. अरविन्द दरमोड़ा ने बताया कि पद्म विभूषण सुंदरलाल बहुगुणा की पुण्यतिथि पर जन कवि आंदोलनकारी स्व. घनश्याम रतूड़ी सैलानी व दीक्षा बिष्ट को सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति सम्मान हिमालय प्रहरी 2025 सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। बताया कि वर्ष 2025 में सम्मान का चयन पांच सदस्यीय चयन समिति के द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। चयन समिति के सदस्यों में स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राजेन्द्र डोभाल, वरिष्ठ पत्रकार राजीव नयन बहुगुणा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जगदम्बा प्रसाद रतूड़ी, भगवती प्रसाद नैथानी तथा शीशराम कंसवाल शामिल रहे। बताया कि दीक्षा को यह सम्मान उनके जीवन भर के विभिन्न सामाजिक कार्य को देखते हुये दिया जा रहा है, जबकि स्व. घनश्याम रतूड़ी सैलानी को मरणोपरांत उनके विभिन्न जन चेतना व आन्दोलन में अपनी अहम भूमिका के आधार पर दिया जा रहा है। बताया कि घनश्याम सैलानी ने विभिन्न आन्दोलनों में अपनी अहम भूमिका निभाई, जिसमें मुख्यतः चिपको आन्दोलन, सर्वोदय आन्दोलन, भूदान आन्दोलन, नशाबंदी आन्दोलन, टिहरी बाँध विरोधी आन्दोलन में किये गए उल्लेखनीय कार्य के आधार पर अनका चयन किया गया है।

### महिलाएं सीख रही आत्मनिर्भर बनने के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा क्रियान्वित और रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट प्रगति इम्पावरिंग वूमेन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय उद्यमिता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान लछमोली सुरेश नेगी ने कहा कि प्रशिक्षण लेकर महिलाएं भी अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं। कहा कि ईडीआईआई और आरवीएनएल मिलकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य और परियोजना के बारे में एवं उद्यमिता अवधारणा और महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर हिम्मत सिंह रौतेला, विपिन रतूड़ी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### जमा पूंजी वापस देने की मांग को लेकर एलयूसीसी पीड़ितों ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : एलयूसीसी पीड़ित उपभोक्ताओं ने बुधवार को बदरीनाथ राजमार्ग के कीर्तिनगर-श्रीनगर मोटर पुल पर जमापूंजी को वापस किये जाने की मांग पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पीड़ित महिलाओं ने जहां सांकेतिक धरना दिया वहीं यातायात व्यवस्था को बनाते हुए पुलिस प्रशासन मौके पर आवाजाही सुचारू करने में जुटा रहा। कीर्तिनगर प्रशासन ने महिलाओं को समझाने की कोशिश की लेकिन महिलाएं पुल पर सांकेतिक धरने पर डटी रही। आंदोलन का नेतृत्व कर रही सरस्वती देवी ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही चारधाम यात्रा शुरू होने के दिन प्रदर्शन की बात कही थी। कहा कि वह श्रीनगर की ओर से कीर्तिनगर की ओर शांतिपूर्ण रूप से प्रदर्शन के लिए जा रही थी। उन्हें कीर्तिनगर में सांकेतिक धरना और तहसील प्रशासन को ज्ञापन देना था, लेकिन कीर्तिनगर पुलिस ने उन्हें आगे आने से रोक दिया। इसके बाद वह मजबूरन मोटर पुल के एक छोर पर पीड़ित महिलाओं के साथ धरने पर बैठ गई। करीब डेढ़ घंटे तक मोटर पुल पर बैठ प्रदर्शन करने के बाद महिलाओं ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसके बाद महिलायें धरना समाप्त कर वापस लौटी। इस दौरान कीर्तिनगर व श्रीनगर पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा। (एजेंसी)

### इंटरमीडिएट में मंयक और हाईस्कूल में अभिनव ने किया स्कूल टॉप

श्रीनगर गढ़वाल : आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। नगर क्षेत्र के सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्र अभिनव जोशी ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, वर्तिका नौरियाल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, श्रेष्ठा बडोनी ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में मयंक सिंह नेगी ने 98.25 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, मयंक लखेड़ा ने 95.25 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, स्तुति चौहान ने 95 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट वाणिज्य वर्ग में इशिका ढौंडियाल ने 88.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# शादियों के सीजन में बिगड़ने लगी शहर की यातायात व्यवस्था

## सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन बन रहे मुसीबत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहर में पार्किंग नहीं होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। मुख्य मार्गों पर संचालित होने वाले अधिकांश रेस्टोरेंट व बारात घरों में भी पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था तक नहीं है। जिससे यहां आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देते हैं। ऐसे में सड़क पर पूरे दिन जाम की स्थिति बन रही है। कोटद्वार में करीब अस्सी से अधिक बारात घर संचालित हो रहे हैं। जिसमे से अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग व मुख्य मार्गों के किनारे संचालित हो रहे हैं। लेकिन, शादी व सगाई के इस सीजन में इन बारात घर व रेस्टोरेंट ने यातायात व्यवस्था में चुनौती खड़ी कर दी है। यदि बात की जाएं नजीबाबाद चौराहे से देवी रोड तिराहे तक की तो इसके मध्य में दस से अधिक रेस्टोरेंट व बारात घर संचालित हो रहे हैं। लेकिन, इनमें से अधिकांश बारात घरों व रेस्टोरेंट में पार्किंग व्यवस्था तक नहीं है। नतीजा, यहां आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। यही नहीं एक किलोमीटर के इस मार्ग पर पांच मॉल व अन्य बड़े प्रतिष्ठान भी संचालत हो रहे हैं। इनके पास भी अपनी पर्याप्त पार्किंग तक नहीं है। ऐसे में हर समय जाम के साथ ही दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है।


कोटद्वार के देवी रोड में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण लगा जाम

# चरस के साथ तीन गिरफ्तार, कार सीज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार पुलिस ने वाहन तलाशी के दौरान एक कार के भीतर से 804 ग्राम चरस बरामद की है। मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार को भी सीज कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम सिद्धबली बैरियर के समीप वाहन तलाशी अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को दुगड्डा की ओर से एक तेज रफ्तार कार आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोककर उसमें सवार युवकों से पूछताछ की तो वह गोल-मोल जवाब देने लगे। शक होने पर पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें एक पैकटे में रखी 804 ग्राम चरस बरामद हो गए। कार सवार युवकों की पहचान ईसाई रोड निंबूचौड़ कोटद्वार निवासी सतेंद्र सिंह रावत, मवाकोट निवासी रोहित डोबरियाल व निंबूचौड़ निवासी भास्कर नेगी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी भास्कर नेगी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चमोली से चरस लेकर उसे महंगे दामों में बेचने के लिए कोटद्वार लेकर आ रहे थे। युवकों ने चमोली में किससे चरस खरीदी इसकी भी जांच की जा रही है।


कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में चरस के साथ पकड़े गए आरोपी

# महिला के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कालागढ़ क्षेत्र में दो युवकों ने एक महिला के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। महिला ने युवकों को स्कूटी हटाने के लिए कहा था। पुलिस ने युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कालागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिल्पी ने बताया कि वह 25 अप्रैल को कालागढ़ स्थित अपने मायके आई। इसी रात उन्होंने देखा कि घर के बाहर खड़ी उनकी स्कूटी पर दो युवक बैठे हैं।

बताया कि उन्होंने दोनों को स्कूटी से हटने का कहा तो दोनों युवकों ने बदतमीजी शुरू कर दी। तहरीर में कहा गया कि शोर सुन कमरे के भीतर से उनके जीजा अशोक व नंदोई शिवम भी बाहर आए तो दोनों युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। साथ ही शिवम के सिर पर पत्थर मार उनका सिर फोड़ दिया।

उन तीनों ने किसी तरह घर के भीतर घुस कर खुद की जान बचाई। थाना प्रभारी संजीव ममंगाई ने बताया कि शिल्पी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई। बताया कि मंगलवार को मामले में आरोपित कुबेर सिंह निवासी, 85, हाईडिल कालोनी, कालागढ़ को हाईडिल कालोनी गेट के समीप गिरफ्तार किया गया है। बताया कि कुबेर के खिलाफ जनपद नैनीताल, रुद्रपुर व बिजनौर क्षेत्रों में चार मामले दर्ज हैं। बताया कि में नामजद दूसरे आरोपित अमित कुमार के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है।

## पूर्व सैनिकों ने की केंद्र सरकार के निर्णय की सराहना

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए निर्णयों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पोषित आंतकवाद को समाप्त करने का समय आ गया है। इस संबध में अपर कालाबड़ स्थित परिषद कार्यालय में हुई बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को देश लंबे समय से झेल रहा है। भारत द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक करने के बाद भी पड़ोसी देश द्वारा आतंकियों को पनाह दी जा रही है। इसलिए आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ और भी सख्त निर्णय लेने चाहिए। बैठक में परिषद अध्यक्ष जी.के बड़थ्वाल, सी.पी डोबरियाल, बलवान सिंह, अनूप बिष्ट, मुकुल रावत, दीनदयाल नेगी और राम सिंह रावत सहित परिषद से जुड़े सभी सदस्य मौजूद रहे।

# बेस अस्पताल को मिला एनेस्थिया चिकित्सक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लगातार मांग उठाने के बाद आखिर राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार को स्थाई एनेस्थिया चिकित्सक मिल गाया है। ऐसे में एनेस्थिया चिकित्सक की तैनाती होने से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी पर लौटने लगेंगी। हालांकि, चिकित्सालय में अब भी चिकित्सकों के कई पद रिक्त चल रहे हैं। जबकि, क्षेत्रवासी लगातार इन्हें भरने की भी मांग उठा रही है।

बीते वर्ष जून माह में बेस चिकित्सालय में तैनात एनेस्थिया चिकित्सक (बेहोशी देने वाले डाक्टर) की सेवानिवृत्ति हो गई। शासन ने चिकित्सक की सेवानिवृत्ति के बाद किसी अन्य चिकित्सक की तैनाती नहीं की। नतीजा, जुलाई माह में चिकित्सालय एनेस्थिया चिकित्सक विहीन रहा और शल्य चिकित्सा नहीं हो पाई। पूरे माह चिकित्सक की तैनाती न होने के बाद भी स्वास्थ्य महकमे ने चिकित्सालय को नियमित एनेस्थिया चिकित्सक की तैनाती के बजाए पचास दिनों के लिए पांच चिकित्सकों को रोटेशन ड्यूटी पर लगा दिया। बीते वर्ष बीस सितंबर को पचास दिन का रोस्टर पूरा हुआ व उसके बाद चिकित्सालय पुनः एनेस्थिया चिकित्सक विहीन हो गया। इसके बाद शासन ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाल राजकीय आयुर्विज्ञान शोध संस्थान श्रीनगर के छह चिकित्सकों को मय अधीनस्थ चिकित्सालय में तैनात कर दिया और यही व्यवस्था वर्तमान में लागू है। इस बीच शासन ने नवंबर माह के मध्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैण में तैनात एनेस्थिया चिकित्सक डा. मोनिका खाती को बेस चिकित्सालय में संबद्ध कर दिया। वे वर्तमान में भी चिकित्सालय में कार्यरत हैं। हालांकि, उनका मूल वेतन थलीसैण स्वास्थ्य केंद्र से ही आहरित हो रहा है। दिसंबर माह में शासन ने जिला अस्पताल रूद्रप्रयाग में तैनात एक एनेस्थिया चिकित्सक को कोटद्वार के बेस चिकित्सालय में स्थानांतरित कर दिया। लेकिन, उक्त चिकित्सक ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। बीती शाम शासन ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की स्थानांतरण सूची जारी की है। जिसमें सामुदायिक केंद्र अगस्तमुनि (रूद्रप्रयाग) में तैनात एनेस्थिया चिकित्सक डा. अलीशा कटवाल को कोटद्वार के बेस चिकित्सालय में स्थानांतरित किया है। नए चिकित्सक के आने के बाद अब एनेस्थिया विभाग में दो चिकित्सक होंगे, जिसका लाभ सीधे शल्य चिकित्सा विभाग को मिलना तय है।


कोटद्वार का राजकीय बेस चिकित्सालय, जहां शासन ने स्थाई एनेस्थिया चिकित्सक की तैनाती कर दी है।

# नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सेना में नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया व्यक्ति पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाएं कर चुका है। जिससे वह गोरखा रेजिमेंट से भी बर्खास्त हो चुका है।

मतकोट लैंसडौन निवासी बृजमोहन सिंह की ओर से 13 फरवरी को लैंसडौन कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि प्रेमनगर देहरादून निवासी मनोज क्षेत्री ने उनके भतीजे को नौकरी दिलवाने के नाम पर दो लाख 90 हजार रुपये लिए थे। लेकिन, पैसे लेने के बाद उसने कोई जवाब नहीं दिया। बताया कि जब उन्होंने मनोज क्षेत्री से पैसे वापस मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए थे। मंगलवार को आरोपित मनोज क्षेत्री को हरि बिहार दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मनोज शातिर किस्म का अपराधी है। जो वर्ष-2013 में गोरखा रेजिमेंट में भर्ती हुआ था। बताया कि पूर्व में भी वह नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी कर चुका है। जिसके कारण रेजिमेंट ने उसे वर्ष 2022 में बर्खास्त कर दिया था। आरोपित के ऊपर पुलिस ने पांच हजार रुपये का ईनाम रखा गया था। बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


लैंसडौन पुलिस की हिरासत में आरोपी

## जमीन विवाद को लेकर देवरानी व जेठानी में हुई मारपीट

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लकड़ीपड़ाव क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर देवरानी-जेठानी के बीच मारपीट हो गई। दोनों महिलाओं को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लाया गया।

घटना मोहल्ला लकड़ीपड़ाव की बताई जा रही है। लकड़ीपड़ाव निवासी नूरजहां व उसकी जेठानी फातिमा के बीच जमीन विवाद को लेकर तू-तू मैं-मैं शुरू हुई, जो जल्द ही हाथापाई में तब्दील हो गई। जब तब घर के लोग दोनों को अलग करते, दोनों ने एक-दूसरे पर कई प्रहार कर दिए। स्वजन दोनों महिलाओं को राजकीय बेस चिकित्सालय में लाए, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्साधिकारी डा. कोमल ने बताया कि दोनों महिलाओं के शरीर पर अंदरूनी चोट आई हैं।

# किसानों को योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिया जाएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, रीप एवं लघु सिंचाई विभाग की समन्वयात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्वतीय कृषक बागवान उद्यमी संगठन द्वारा कृषकों को संचालित योजनाओं का लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से देने, भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा/निर्णायक समितियों में कृषक संगठनों की भागीदारी बढ़ाए जाने की मांग की। कृषि एवं उद्यान विभागों को सुझाव दिया गया कि कृषकों को केवल भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्रमाणित बीज ही उपलब्ध कराए जाए।

मुख्य विकास अधिकारी पौड़ी गिरीश गुणवंत ने किसानों से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाए जाने का आह्वन किया। कहा कि सरकार द्वारा किसानों के कल्याण को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिनका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कृषि, उद्यान, रेशम, मत्स्य, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में पर्वतीय कृषक बागवान उद्यमी संगठन के उत्तराखंड महासचिव दीपक करगेती, अध्यक्ष आशुतोष घिल्डियाल सहित विभिन्न ब्लाकों के करीब 40 किसानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पर्वतीय कृषक बागवान उद्यमी संगठन द्वारा सभी बागवानी कृषकों के उद्यान कार्ड बनाए जाने की मांग, कृषकों का प्रशिक्षण राज्य के भीतर विशेषकर उत्तराखंड में ही किए जाने की सिफारिश, पॉली हाउस वितरण आरडीएफ योजना की गाइडलाइन के अनुरूप किए जाने की मांग की गई।

# बोर्ड परीक्षा में अभिति, दिलाशा रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आईएससी और आईसीएसई की बोर्ड परीक्षा में बालिकाओं ने बाजी मारी है। सेंट थॉमस स्कूल पौड़ी में 12वीं की दिलाशा और 10वीं की अभिति ने स्कूल टॉप किया।

बोर्ड परीक्षार्थियों की सफलता पर स्कूल के प्रबंधक जीजो पैलाथिंकल व प्रधानाचार्य सौमिनी ने शुभकामनाएं दी हैं। वहीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। स्कूल का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शत फीसदी। बुधवार को शिक्षा सत्र 2024-25 का आईएससी और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी हो गए। सेंट सेंट थॉमस स्कूल के प्रबंधक जीजो पैलाथिंकल ने बताया कि सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में आईएससी 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान वर्ग की दिलाशा रावत ने 97.25 फीसदी अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। विज्ञान वर्ग में दीपाली बड़थ्वाल ने 95 फीसदी अंकों के साथ दूसरा, प्रांजल नेगी, वंशिका रावत व श्रेयश रावत ने 94 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य वर्ग में 90 प्रतिशत अंकों के साथ निहारिका बिष्ट अव्वल रही। आईसीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में अभिति रावत ने 97 फीसदी अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। वेदांत रावत ने 95.6 फीसदी अंकों के साथ दूसरा व सृजन गुसाईं ने 95.4 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया।

## 4 मई को होगी नीट परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** आगामी 4 मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व सफलता पूर्वक संपंन करवाने को लेकर निर्देश दिए। इस वर्ष जिले में नीट परीक्षा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पौड़ी व गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज, घुड़दौड़ी में होगी। गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज में 265 व पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 216 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। डीएम ने परीक्षा के दौरान पुलिस विभाग को सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए।

# आईसीएसई का परीक्षा परिणाम जारी, जिया गुप्ता व अस्मि पुंडीर रही प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आईसीएसई संबद्ध सेंट जोसेफ कॉवेंट स्कूल के परीक्षा परिणाम में बेटियों का दबदबा देखने को मिला। दसवीं की परीक्षा में 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ जिया गुप्ता व 12वीं में अस्मि पुंडीर ने 97.25 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को आईसीएसई का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह बना हुआ था। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों ने मिठाई खिलाई। साथ ही विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। हाईस्कूल परीक्षा में अधिकांश ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिया गुप्ता ने सर्वाधिक 97.80 प्रतिशत अंक, इशान अमोली ने 97.60 प्रतिशत व अर्चित बड़थ्वाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट परीक्षा के पीसीएम ग्रुप में अशिम पुंडीर ने 97.25 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, क्यूरी रावत ने 97 अंकों के साथ द्वितीय व प्रज्ज्वल खंतवाल ने 96.75 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।


कॉवेंट की अव्वल छात्रा अशिम पुंडीर को सम्मानित करते शिक्षक।

# डीएम ने महिलाओं के साथ काटी गेहूं की फसल

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र चमोली के ग्राम क्षेत्रपाल में गेहूं की फसल पर किए जा रहे क्राप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं के साथ गेहूं की कटाई भी की। राजस्व विभाग ने ग्राम क्षेत्रपाल में विवेक सिंह असवाल के खेत में 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर नियमानुसार क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया। निर्धारित प्लॉट में 7.6 किलोग्राम गेहूं की बालियों का उत्पादन हुआ है इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं से फसल को लेकर जानकारी ली और कृषि से संबंधित नयी तकनीक व उपकरणों का उपयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर उन्नत किस्म के बीज, खाद व उपकरण दिए जाते हैं और जंगली जानवरों से फसलों के नुकसान को रोकने के लिए खेतों की चैनिंग फेंसिंग भी जाती है। वहीं विभाग द्वारा फसलों का बीमा भी किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर जिले में फसलों के औसत उत्पादन के आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। जिससे जनपद में फसल उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जा सके। विदित है कि प्रत्येक राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र में क्राप कटिंग का प्रयोग करने के लिए खेत में 30 वर्ग मीटर प्लॉट बनाकर उसमें उत्पादित फसल के बीज को लिया जाता है। जिसे 15 दिन सूखने के लिए रखा जाता है। इसके बाद दानों को तोलकर अनाज की वास्तविक गणना की जाती है। क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर फसल बीमा की राशि की गणना तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना की जाती है। इस दौरान नायब तहसीलदार दीप शिखा, राजस्व निरीक्षक दलबीर सिंह चौहान, राजस्व उप निरीक्षक संदीप विष्ट, अपर सांख्यिकी अधिकारी कुसुम बिष्ट, सहायक कृषि अधिकारी मनोज राणा, फसल बीमा अधिकारी रश्मि सहित गांव की महिलाएं मौजूद रहीं।


जिलाधिकारी संदीप तिवारी गेहूं की फसल काटते हुए।

## सैंजो कान्वेंट स्कूल के कुनाल नेगी ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : आईसीएसई बोर्ड के बुधवार को घोषित हुए परिणामों में सैन्जो कान्वेंट स्कूल, किलकिलेश्वर के छात्र कुनाल नेगी ने हाईस्कूल परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि अंकिता बिष्ट ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और सावन सिंह बिष्ट ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सैन्जो स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर नेजी जोसेफ ने बताया कि दसवीं कक्षा में 38 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परीणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्रों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर विद्यालय के मैनेजर फादर जिम्मी आइजक, प्रधानाचार्य सिस्टर नेजी जोसेफ, विद्यालय के शिक्षकों व परिजनों ने खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)

## विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा मार्शल पब्लिक स्कूल श्रीनगर में चार दिवसीय योग शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक लाभ प्रदान करना था। शिविर में एमए. योग द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षित युवाओं ने विद्यालय के छात्रों को योग के गुर सिखाए। योग विभाग के सोम गैरोला, अभय बिष्ट, सौरभ भंडारी और मुकेश चौहान ने बच्चों को योग के विविध आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया। प्रमुख योगासनों में ताड़ासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, मार्जरीआसन, बालासन और उष्ट्रासन शामिल थे। प्रशिक्षकों ने इन आसनों के शारीरिक लाभों के साथ-साथ उनके मानसिक संतुलन और एकाग्रता बढ़ाने के गुणों पर भी प्रकाश डाला। सौरभ भंडारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त, बच्चों को शीतली, शीतकारी और अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जो गर्मियों में शरीर को शीतल बनाए रखने और मन को शांत करने में सहायक होते हैं। विद्यालय के संस्थापक जलेश सबरवाल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में बच्चों का मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। योग उनके सर्वांगीण विकास का प्रभावशाली माध्यम है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमोशन जल्द न होने पर अवमानना याचिका दायर करेंगे इंजीनियर

देहरादून। उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने अधिशासी अभियंता के एक दशक से खाली चल रहे पदों पर प्रमोशन होने पर सवाल उठाए। एमडी यूपीसीएल को पत्र भेज कर जल्द प्रमोशन की मांग की। चेतावनी दी कि यदि हाईकोर्ट के आदेश पर जल्द प्रमोशन न हुए तो कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की जाएगी। एसोसिएशन के महासचिव राहुल चानना ने एमडी यूपीसीएल को भेजे पत्र में कहा कि सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं के साथ वर्षों से अन्याय हो रहा है। पदोन्नत सहायक अभियंताओं की अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति वर्ष 2018 में ही हो चुकी है। सीधी भर्ती के अभियंताओं की अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति वर्षों से लंबित है। कहा कि जिन पदोन्नत सहायक अभियंताओं की ओर से प्रबंधन पर पदोन्नति को दबाव बनाया जा रहा है, उनका उच्च न्यायालय के आदेश से प्रत्यक्ष रूप से कोई सरोकार नहीं है। कहा कि पदोन्नति विवाद के निस्तारण को शासन स्तर पर उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। इस समिति को एक तय समय अवधि के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी थी। ये अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट के आदेश में साफ किया गया था कि आठ सप्ताह के भीतर पदोन्नति पर फैसला लिया जाए।

### देश के विकास के लिए एक साथ चुनाव हो

देहरादून। राजनीतिक अखाड़ा की ओर से आरआईएमटी जोगीवाला में एक देश एक चुनाव विषय पर आयोजित संवाद में वक्ताओं ने कहा कि देश और राज्यों में बार–बार चुनाव बड़ी समस्या है। यह देश का बड़ा मुद्दा भी है। इससे समय के साथ धन की भी बर्बादी हो रही है। देश के विकास के लिए एक साथ चुनाव जरूरी है। संवाद में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष वाजपेयी चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से हो, देश में समय–समय पर बहुत सारे बदलाव हुए। खुशी की बात है कि बदलाव के क्रम में इस देश में एक राष्ट्र–एक चुनाव की नई बहस चर्चा जन आंदोलन बने और देश में एक साथ सभी चुनाव कराकर समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। कहा कि बदलती दुनिया और देश की आवश्यकता के अनुसार देश की सरकारों ने कानून में आवश्यकता के अनुसार शिक्षा की व्यवस्था में बदलवा हुआ तो अब युवा पीढ़ी को चुनाव की व्यवस्था को बदलना है। कार्यक्रम के संयोजक मितेश सेमवाल और डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने विचार रखे। इस मौके पर अनिल वर्मा, विशाल वर्मा, दिनेश कुमार मिश्रा, शिवम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा करेगी प्रदेश में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी गुरुवार से प्रदेश में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान शुरू करेगी। इसके तहत प्रदेश से लेकर बूथ स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों के लिए भी रहना अनिवार्य किया गया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बुधवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पास किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पास कराना केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और इसे जन जन तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पूरे देश में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत एक से दस मई तक पूरे राज्य में अलग अलग स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के समन्वय के लिए पार्टी की ओर से एक समिति गठित की गई है जिसमें महामंत्री आदित्य कोठारी के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, उपाध्यक्ष शादाब शम्स, प्रकाश रावत, इंतजार हुसैन को शामिल किया गया है।

### कला को बचाने को देशभर में यात्रा होगी

देहरादून। कला को बचाने एवं उसमें हो रहे बाजारीकरण के खिलाफ कलाकार और शिक्षक अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी ने एक आंदोलन शुरू किया है। वह देशभर में यात्रा कर अलख जगाएंगे। बुधवार को देहरादून कॉलेज ऑफ आर्ट में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इनटेंजिबल आर्ट और टेंजिबल आर्ट विषय पर आयोजित गोष्ठी में अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी ने कहा कि कला कई प्रकार की होती है। उन्होंने विभिन्न समय में कला के बदले स्वरूप पर विस्तृत बात रखी।

# जीआरपी पुलिस ने 43 गरीब बच्चों का कराया स्कूल में प्रवेश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : पुलिस अधीक्षक राजकीय रेलवे पुलिस उत्तराखंड तृप्ति भट्ट के निर्देशन में ऑपरेशन मुक्ति के तहत गठित जीआरपी उत्तराखंड टीम द्वारा शिक्षा से वंचित 43 बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है । उत्तराखंड में गरीब बच्चों के बेहतर भविष्य और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जीआरपी पुलिस ने ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 43 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में दाखिला दिलाने में सफलता हासिल की है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने और गुब्बारों को बेचने जैसे कार्यों में लगे गरीब बच्चों को चिन्हित करके उन्हें शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। टीम प्रभारी उपनिरीक्षक रचना देवरानी के नेतृत्व में ऑपरेशन मुक्ति टीम लगातार इस दिशा में सक्रिय है। टीम द्वारा गोष्ठी



और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन प्रयासों के फलस्वरूप अब तक कुल 43 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में प्रवेश मिल चुका है। ऑपरेशन मुक्ति जीआरपी पुलिस टीम में कोटद्वार क्षेत्र से हेड कांस्टेबल रजनी नौटियाल, कुमाऊं क्षेत्र से हेड कांस्टेबल रमेश गिरी, रुड़की, हरिद्वार व देहरादून क्षेत्र से महिला कांस्टेबल ममता, कांस्टेबल अमित सहित अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पर्यटक स्थलों का होगा काया कल्प

पौड़ी : जिले के पर्यटक स्थल लैंसडौन व मोहनचट्टी के आस–पास पर्यटकों को और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि भविष्य में दोनों क्षेत्रों में पर्यटकों के बढ़ते सम्भावित दबाव को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्य योजना के अनुसार डीपीआर तैयार किए जाने की आवश्यकता है। लैंसडौन में पार्किंग की स्थापना के लिए एसडीएम को रणनीतिक व उपयोगी स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने संबंधित अफसरों को इन पर्यटक स्थलों में पेयजल, विद्युत, कूड़ा निस्तारण, पार्किंग, शौचालय सहित आंतरिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत कार्य योजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बताया कि जयहरीखाल क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण को लेकर बीडीओ स्तर पर तैयार की जा रही डीपीआर को तकनीकी सलाहकार समिति का गठन करवाते हुए प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने, जयहरीखाल क्षेत्र में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना बनाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, कूड़ा निस्तारण, हाईटेक शौचालय, स्ट्रीट लाइट आदि को लेकर अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राइंकॉ बग्याली की शिक्षिका ने दी आत्मदाह की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : शिक्षा विभाग में कार्यरत राजकीय इंटर कॉलेज बग्याली की सहायक अध्यापिका हिंदी ने न्याय न मिलने पर विभाग को आत्मदाह की चेतावनी दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर निदेशक गढ़वाल ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शिक्षिका का आरोप है कि आठ माह पूर्व शिक्षिका के साथ विद्यालय के ही सहायक अध्यापक सामान्य अध्ययन ने अभद्रता एवं मारपीट करने की कोशिश की। जिसकी जांच कर विभाग ने दोषी शिक्षक का प्रशासनिक स्थानांतरण कर दिया था। जहां आरोपी शिक्षक ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। किंतु विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आठ माह बाद बिना किसी आदेश के नियमों के विरुद्ध दोषी शिक्षक को राजकीय इंटर कॉलेज बग्याली में ही कार्यभार ग्रहण करवा दिया और 8 माह कहीं भी राजकीय सेवा में न रहने पर भी वेतन आहरण की संस्तुति कर दी। इससे पीड़ित शिक्षिका को जब अपने साथ न्याय होता नहीं दिखा तो उन्होंने अपर निदेशक गढ़वाल को शिकायत दर्ज कर कहा कि दोषी शिक्षक और संबंधित प्रधानाचार्य पर कोई कार्यवाही नहीं होती तो वह विभाग के सामने ही आत्मदाह करेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर निदेशक गढ़वाल कंचन देवराडी ने कहा कि विभाग ने शिक्षक की पदभार ग्रहण करने अथवा वेतन आहरण का कोई आदेश नहीं दिया है। मामले की जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वहीं विद्यालय की प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष सीमा धस्माना ने कहा कि विभाग द्वारा बार-बार दोषियों को बचाया जा रहा है, जिस कारण स्कूल का माहौल खराब हो रहा है, इसलिए अभिभावक विद्यालयों से बच्चों को निकाल रहे है।

# हेमा करासी और विजय पंत के भजनों पर झूमे भक्त

रुद्रप्रयाग : पंच केदार सेवा सांस्कृतिक मंच के सहयोग से बाबा केदारनाथ की पंच विग्रह डोली के फाटा पहुंचने पर रात्रि में सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें हेमा नेगी करासी और विजय पंत के भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बीती रात्रि बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली आर्मी की बैंड धुनों ओर हजारों भक्तों की मौजूदगी में जब फाटा पहुंची तो यहां डोली का स्वागत हुआ और पंचकेदार सेवा एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से दोपहर में महिला कीर्तन तथा रात्रि में सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता ने त्रिभुवन चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। केदारनाथ विधायक ने कहा कि बाबा अपने धाम की ओर रवाना हो गए हैं। बाबा की डोली जिन जिन पड़ावों से आगे बढ़ रही है, उन पड़ावों पर रौनक लौटने लगी है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा विगत वर्ष से बेहतर संचालित होगी, यात्रा में सभी व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। इस वर्ष बीते वर्षों से अधिक श्रद्धालु धाम आने की उम्मीद है। सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन चौहान ने कहा कि बाबा हमारे आराध्य हैं, बाबा के आशीर्वाद से ही हमारा रोजगार संचालित होता है। इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए जो हमारी सांस्कृतिक से हमें जोड़े रखते हैं। पंचकेदार सेवा सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रदेश में खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्राची जमलोकी को सम्मानित किया।

### 12 छात्रों का हुआ यज्ञोपवित

रुद्रप्रयाग : अक्षय तृतीय के मौके पर श्री केदारनाथ आदर्श संस्कृत महाविद्यालय शोणितपुर लमगौंडी में 12 छात्रों को यज्ञोपवित संस्कार किया गया। इस मौके पर छात्रों को सनातन के कई महत्वपूर्ण नियम भी बताए गए। महाविद्यालय में आयोजित यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को धार्मिक कर्मों के लिए योग्य बनाना और उसे सत्य, तेज और पवित्रता जैसे गुणों से युक्त करना है। यह संस्कार व्यक्ति को धार्मिक नियमों का पालन करने और यज्ञों में भाग लेने का अधिकार देता है। यज्ञोपवित संस्कार हिंदुओं के 16 संस्करों मे से एक है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नित्यानंद पोखरियाल, सहायक निदेशक मंसाराम मैदुली, विद्यालय के पूर्व प्रबन्धक श्रीनिवास पोस्ती, कार्यक्रम के मुख्य यजमान किशन अवस्थी, जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अरुण बाजपेई एवं छात्र व अभिभावक मौजूद थे। (एजेंसी)

# बच्चें किताबें पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिल पर विशेष ध्यान दें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को लैब ऑन व्हील मोबाइल साइंस लैब परियोजना को हरी झण्डी दिखाकर जनपद के स्कूलों के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को जीव विज्ञान की बारीकियां समझायी और कैरियर चयन के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को किताबें पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिल पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि यह मोबाइल लैब बच्चों के सीखने की प्रक्रिया में बहुत उपयोगी साबित होगी। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को दूरस्थ स्थित विद्यालयों तक इसका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर की छात्राओं को विज्ञान से संबंधित रोचक प्रयोग और मॉडलों का प्रदर्शन कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पुरोहित ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) द्वारा राज्य



सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना लैब ऑन व्हील के माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक जिले को एक मोबाइल वैन प्रयोगशाला उपलब्ध करायी गयी है। जिसमें प्रयोगशाला, व्यावहारिक मॉडलों, रोचक विज्ञान गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से कक्षा 6 से 10 तक के छात्र छात्राओं को जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित जैसे विषयों को बेहतर तरीके से सीखने और आसानी से समझने का अवसर मिलेगा। इस दौरान लैब ऑन व्हील् के समन्वयक नरेंद्र रावत, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा हेम चन्द्र व जीजीआईसी के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक जनपद पौड़ी एवं कोटद्वार का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को राष्ट्रीय गान के साथ सम्पन्न हो गया है।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रशिक्षण संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मृणाल पंत एवं सीताराम लांबा ने कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एआईसीसी के सदस्य कांग्रेस नेता राजपाल बिष्ट ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि विपक्ष को जवाब देने के लिए उनके पास पर्याप्त ऊर्जा है। कहा कि ऐसे प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीति नीति को जान सके। इस मौके पर कांग्रेस यूथ के प्रदेश महामंत्री आशीष नेगी, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष



विनोद नेगी पौड़ी एवं विनोद डबराल कोटद्वार, रश्मि पटवाल, आरती पंवार, अरुणा कुमार, किरण रौतेला, विजय दर्शन, कुलदीप रावत, पूर्व प्रमुख पोखड़ा सुरेंद्र सिंह रावत, पूर्व मंत्री नव प्रभात आदि मौजूद रहे।

### पार्षद ने की 17 पंप बंद करने की मांग

हरिद्वार। पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने एसडीएम जितेंद्र कुमार से मिलकर भूपतवाला क्षेत्र में एक होटल के निर्माण कार्य के दौरान 17 बोरिंग पंपों से लगातार भूजल निकाले जाने पर नाराज़गी जताई है। उन्होंने तत्काल पंप बंद करने की मांग की है। पार्षद शर्मा आरोप लगाया कि निर्माण स्थल से भूजल को नालों में बहाया जा रहा है। इससे आश्रमों, धर्मशालाओं और घरों के बोरिंग व नलों में पानी आना बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि भूपतवाला एक संत बाहुल्य क्षेत्र है, जहां लाखों श्रद्धालु निवास करते हैं। जलस्तर गिरने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान रामलीला कमेटी भूपतवाला के अध्यक्ष अमित गुप्ता, जनेश्वर त्यागी, लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी, प्रमोद पाल, राकेश सिंह, गौरव खन्ना, यश उमेश जैन, राजा कश्यप, विशाल गॉड सहित आदि शामिल रहे।

# राज्य आंदोलनकारी हमारी प्रेरणा—हमारे आदर्शः डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों को स्वयं बैठक में आमंत्रित कर उनकी की समस्याएं एवं उनके सुझावों से हुए रूबरू।

जिलाधिकारी ने आंदोलनकारियों का अभिवादन किया। उन्होंने आंदोलनकारियों की समस्याओं का हरसंभव निस्तारण किया जाएगा। कहा कि आपके संघर्षों से हम यहां बैठे हैं, हम आंदोलनकारियों के योगदान के ऋणी है। जिलाधिकारी ने इत्मिनान से उपस्थित सभी आंदोलनकारियों को ध्यान से सुना।

जिलाधिकारी ने कहा कि आन्दोलनकारी की समस्याओं को निस्तारण हेतु हरसंभव प्रयास किया जाएगा, जिन बन्दिुओं पर शासन स्तर से निर्णय होना है ऐसे प्रकरणों को शासन को संस्तुत किये जाएंगे। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा निर्धारित तिथि तक के समस्त प्रकरण की पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश (प्रभारी अधिकारी) आंदोलनकारी को दिए। 2021 की कट ऑफ डेट से पूर्व जो भी चिन्हिकरण हेतु चयनित हो चुके थे उन सबका रिकार्ड तलब करते हुए एडीएम एफआर को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा आंदोलनकारियों की बैठक बुलाने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि डीएम से हम सभी को बहुत आशाएं है कि वे हमारे मांगों को पूरा करगें तथा शासन स्तर पर होने वाली निस्तारण के लिए पहल करेंगे। जिस पर डीएम हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। आंदोलनकारियों ने चिन्हीकरण, पेंशन, आदि अपनी समस्त समस्याओं के सम्बन्ध में डीएम से विस्तृत वार्ता की। उप जिलाधिकारी हरिगिरि, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कपिल कुमार, मुख्य कोषाधिकारी सुश्री नीतू भंण्डारी, जगमोहन नेगी, सुरेन्द्र कुमार, उर्मिला शर्मा, ओमी उनियाल, निर्मला बिष्ट, देवेश्वरी रावत,जितेन्द्र अंथवाल, गीता नेगी आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण मित्रों को मिले सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

देहरादून। उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) भगवत प्रसाद मकवाना ने बुधवार को नगर निगम देहरादून में पर्यावरण मित्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यावरण मित्रों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यरत सफाई कार्मिकों की संख्या, वेतन ढांचे, भुगतान की नियमितता, वर्दी, सुरक्षात्मकता के प्रावधान, आवास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच पर विस्तृत चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने कहा कि कमजोर वर्ग को आगे लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और उनके हितों की रक्षा के लिए सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की है। उपाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि हर सफाई कर्मचारी को उसकी मेहनत के लिए समय पर भुगतान मिलना चाहिए। आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों का प्रबंधन करने वाले ठेकेदारों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर महीने समय पर वेतन का भुगतान हो जाए। उपाध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों की समय पर डीपीसी कराने, ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल बनाने, सफाई कर्मचारियों की बस्तियों में सामुदायिक भवन, पार्क एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को प्रतिदिन न्यूनतम 500 रुपए के हिसाब से वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सभी सफाई कार्मिकों को ईपीएफ, ईएसआई की सुविधा के साथ प्रत्येक कार्मिक का आईडी कार्ड बनाया जाए। स्थायी कार्मिकों का गोल्डन कार्ड और अस्थाई कार्मिकों का आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाए। सफाई कार्मिकों के बैंक खाता और आधार कार्ड मिलान और त्रुटियों को ठीक करने के लिए शिविर लगाए जाए। वषी से काम कर रहे पर्यावरण मित्रों को नियमितीकरण तक निर्धारित समय के भीतर उनकी वेतन वृद्धि की जाए और प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर उनका वेतन भुगतान किया जाए।

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में कैंडल मार्च

देहरादून। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की ओर से गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला जाएगा। कैंडल मार्च निकाले जाने के साथ ही श्रद्धांजलि भी दी जाएगी।

एनएमओपीएस के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश के भीतर गुस्सा है। आतंक की इस घटना के खिलाफ समूचा राष्ट्र एकजुट है। जिन परिवारों ने इस आतंकी हमले में अपने परिजनों को खोया है, उनके साथ पूरा देश मजबूती के साथ खड़ा है। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के लाखों सदस्य भी पूरे देश के साथ एकजुट हैं।

# राजभवन में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा संगोष्ठी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में आयोजित सड़क सुरक्षा गोष्ठी में प्रतिभाग किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का दायरा केवल यातायात नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन–जागरूकता, सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिकों के जिम्मेदार व्यवहार से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा को एक जन–आंदोलन का रूप दें, जिससे आमजन में नियमों के प्रति स्वाभाविक अनुशासन और जिम्मेदारी विकसित हो। राज्यपाल ने विशेष रूप से स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सड़क सुरक्षा के ब्रांड एम्बेसडर बनें, अपने परिवार व समुदाय को जागरूक करें और नियमों का पालन स्वयं कर दूसरों के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में सड़क सुरक्षा की चुनौतियाँ और भी अधिक जटिल हैं। यहां की भौगोलिक बनावट, संकरी व घुमावदार सड़कें, तीव्र ढलान और बदलते मौसम – ये सभी सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को बढ़ाते हैं। ऐसी स्थिति में वाहन चलाते समय सतर्कता, संयम और नियमों का पालन जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और गति सीमा का पालन करना हमारी जीवन रक्षा की गारंटी हो सकता है। राज्यपाल ने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। गोष्ठी के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन संस्था के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह और तकनीकी अधिकारी श्री प्रशांत खड़गे ने उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों की बात नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जीवन शैली का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है।

# बीआईएस केयर ऐप से उत्पादों की प्रमाणिकता की करें जांच

देहरादून : भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), शाखा कार्यालय देहरादून द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर उपभोक्ताओं में गुणवत्ता एवं मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआईएस देहरादून के निदेशक एवं प्रमुख सौरभ तिवारी द्वारा की गई, जिसमें देहरादून क्षेत्र के प्रमुख मीडिया प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

अपने संबोधन में तिवारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अक्षय तृतीया जैसे पर्वों के दौरान, विशेषकर आभूषणों और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी करते समय गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता बीआईएस केयर मोबाइल ऐप के माध्यम से उत्पादों की प्रमाणिकता की




जांच कर सकते हैं। आभूषणों के संदर्भ में उन्होंने केवल हॉलमार्क युक्त यूनिक आइडेंटिफिकेशन वाले उत्पादों को खरीदने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उपभोक्ताओं को आईएसआई मार्क युक्त उत्पादों एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए रजिस्ट्रेशन मार्क वाले सामान खरीदने हेतु प्रोत्साहित किया। तिवारी ने जानकारी दी कि बीआईएस द्वारा विभिन्न राज्यों में की गई छापेमारी में कई अप्रमाणित उत्पाद जब्त किए गए हैं,

# संविधान बचाओ रैली के माध्यम से कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार को घेरा

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली के माध्यम से केंद्र की मोदी और राज्य की धामी सरकार को घेरा है। रैली को संबोधित करते एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का जमकर दुरुपयोग कर रही है। आज सीबीआई, ईडी जैसी संस्थाएं मोदी सरकार की कठपुतली बनकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश नहीं, अपनी सुविधा के अनुसार कानून बनाती और बदलती है। बुधवार को देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित संविधान बचाओ रैली में प्रदेशभर से कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे। मुख्य वक्ता के तौर पर रैली को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे देश में अभियान छेड़ा है। देश में कांग्रेस सरकारों ने संविधान को मजबूत करने का काम किया, लेकिन मोदी सरकार ने बीते 11 सालों में संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने का काम किया है। संविधान की भावना को मारने का काम किया है।

पूरी दुनिया में भारतवर्ष के लोकतंत्र का उदाहरण यूं ही नहीं दिया जाता। लेकिन आगे भी ऐसा होगा, यह कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है, जब घमंड की इस सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए।


**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com